जय माँ श्री सर्वमंगला देवी



ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः। लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

सुविचार

दिवसेनैव तत् कुर्याद्
येन रात्रौ सुखं वसेत।

अर्थात – दिन भर ऐसा कार्य करना चाहिए ताकि रात में चैन की नींद आ सके।

वर्ष – 15, अंक – 51 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 28 मार्च से 03 अप्रैल 2025 | पृष्ठ – 8, मूल्य रू. 3.00




## असतो माँ सद्गमय्

माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा जिला-कोरबा के प्रबंधक एवं पुजारी नमन पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि की महिमा अपरंपार है। माँ दुर्गा के नव रूपों की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यदि हम माँ से एक आशीर्वाद - असतो मा सद्गमय... मांगते हैं तो सभी आशीर्वाद मिल जाते हैं। मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए । कर्म से सही धर्म बढ़ता है। जो जैसा धर्म अपनाता है, वह वैसा ही हो जाता है। ऋषि-महर्षि भी वेद ज्ञान, ब्रम्हचर्य और कर्म का पालन करके ही तेजस्वी बनते हैं। 9 दिन तक इन ब्रम्ह शर्तों का पालन करना चाहिए।



**नमन पाण्डेय**
(नन्हा महराज)
प्रबंधक एवं पुजारी
माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा
जिला-कोरबा छग

# तैयारी पूरी : माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 10 हजार से अधिक जलेंगे ज्योति कलश

## 30 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2082 से प्रारंभ होगी वासंती नवरात्रि

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

कोरबा जिले की जीवन रेखा हसदेव के तट पर आसीन माँ सर्वमंगला देवी की आस्था में कोरबा ही नहीं बल्कि पूरा छत्तीसगढ़ डुबकी लगाएगा। 30 मार्च से नवरात्रि प्रारंभ होने के पूर्व माँ सर्वमंगला देवी मंदिर प्रबंधन द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम् संवत् 2082, 30 मार्च से मंदिर परिसर में 10 हजार से अधिक ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे और देश-विदेश से भी मनोकामना कलश प्रज्ज्वलित होंगे।

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका माँ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा दिन रविवार, दिनांक 30 मार्च 2025 से प्रारंभ होगा एवं चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी दिन रविवार, दिनांक 06 अप्रैल 2025 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे।

प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ एवं माँ के श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 701/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।

चैत्र नवरात्रि पर्व 30.03.2025, रविवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें। सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 06 अप्रैल 2025, रविवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 06.04.2025, रविवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी। माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रतिरात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।



### पश्चिम बंगाल के मालदा में हिंसा- इंटरनेट बंद, 34 गिरफ्तार



**उपद्रवियों ने दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट**

**मालदा( एजेंसी )।**

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं। हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को DM और SP से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की।

**पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े**

स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

### हिन्दू नववर्ष के लिए सजा शहर



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

हिन्दू क्रांति सेना सहित बजरंग दल, वीएचपी सहित अन्य हिन्दू संगठन 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष पर भव्य रैली निकालेंगे। इसके लिए हिन्दू क्रांति सेना ने शहर पर लाईटिंग से भव्य रूप से सजाया है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 17 नक्सलियों का एनकाउंटर:इनमें 11 महिलाएं, 12 साल पहले झीरम घाटी कांड में शामिल कमांडर भी मारा गया

**सुकमा( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। ,डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड और CRPF के 500.600 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली है। मामला केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली का है।

मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन SZCM स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। बुधरा दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे।

इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने 2025 में मुठभेड़ में 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। इसमें 20 मार्च से 29 मार्च के बीचए यानी 10 दिन में ही 49 नक्सली मारे गए हैं।

**17 नक्सलियों के शव बरामद**

डीआईजी कमलोचन कश्यप ने मीडिया को बताया कि 17 नक्सलियों के शवों के साथ इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक वेपंस भी बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में कई बड़े कैडर्स भी हैं, जिनकी पहचान की जा रही है।

मुठभेड़ में DRG के 3 और CRPF का एक जवान घायल है। जिनकी हालत खतरे से बाहर है। डीआईजी ने बताया कि



ऑपरेशन खत्म हो चुका है। डीआरजी के जवान करीब 10 किलोमीटर पैदल चलकर शवों को कंधे पर लादकर जंगल से लौट गए हैं।

**नक्सलवाद जड़ से खत्म करने का काम कर रहे जवान-सीएम साय**

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के नासूर को खत्म करने की दिशा में छत्तीसगढ़ ने कदम बढ़ा दिए हैं। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर उनको जड़ से खत्म करने का काम कर रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी बहादुरी को नमन करता हूं।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र सरकार एक भी गोली चलाना नहीं चाहती। बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी है।

नक्सलियों को सरेंडर करना चाहिए। कई राज्य ऐसे हैंए जहां लोग पहले नक्सली थे, लेकिन सरेंडर कर चुनाव लड़े और चुनाव जीतकर मंत्री बने हैं। नक्सलियों से सरेंडर की अपील की गई है। साथ ही जवानों को बधाई दी है।

### नक्सलवाद पर एक और प्रहार-अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया X पर लिखा कि हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने सुकमा में एक अभियान में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। ऑटोमेटिक हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकताए केवल शांति और विकास से ही बदलाव लाया जा सकता है। नक्सलियों से हथियार छोड़कर सरेंडर करने की अपील की गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को बस्तर के दंतेवाड़ा जाएंगे। यहां नक्सल ऑपरेशन को लेकर मंत्री और अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( एआई ) भविष्य का सबसे बड़ा औजार

## प्रधानमंत्री मोदी के आर्थिक सुधारों से भारत बनी दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था: मुख्यमंत्री

**रायपुर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापक आर्थिक सुधारों के कारण भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। जीएसटी और कर सुधारों ने टैक्स व्यवस्था को सरल बनाया है और राजस्व संग्रहण को मजबूत किया है।चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भारत की इस विकास यात्रा में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने में भी उनकी भागीदारी अहम होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन बैंक ऑडिट एंड एआई को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सीए छत्तीसगढ़ के विशेष लोगो का भी विमोचन किया।

**एआई भविष्य का सबसे बड़ा औजार**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बौद्धिक वर्ग हमेशा नई तकनीकों को अपनाता है और एआई ऐसी ही एक गेम-चेंजर तकनीक है। उन्होंने माना कि एआई न केवल सीए पेशे को और सशक्त करेगा, बल्कि इस क्षेत्र की गुणवत्ता व गति को भी बढ़ाएगा। उन्होंने एआई से जुड़ी संभावनाओं और चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आईसीएआई की स्थापना को भारतीय अकाउंटिंग क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1949 में 1600 लोगों के साथ शुरू हुआ यह संस्थान आज चार लाख से अधिक सदस्यों का मजबूत संगठन बन चुका है, जो देशभर में आर्थिक उत्तरदायित्व निभा रहे हैं।



### नई औद्योगिक नीति से बढ़ा निवेश, प्रदेश को 4 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त

मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह नीति निवेशकों के लिए आकर्षक है और सभी वर्गों का ध्यान रखती है। अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लिथियम जैसे दुर्लभ खनिज की उपलब्धता और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की स्थापना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों में राज्य सरकार ने कई दूरदर्शी फैसले लिए हैं।

# म्यांमार भूकंप में अब तक 1000 लोगों की मौत,2400 घायल

## शनिवार को फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से बात की

**नेपीदा( एजेंसी )।**

म्यांमार में शुक्रवार को 7.7 के झटके आने के बाद शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। रॉयटर्स के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,002 हो चुका है, जबकि 2400 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है।



बैंकॉक में भूकंप से गिरी 30 मंजिला इमारत का मलबा हटाने और उसमें दबे लोगों को निकालने का काम जारी है।

### 10 हजार के मरने की आशंका

म्यामार में आये भूकंप से भारी तबाही मच गई है। इस भूकंप में 10 हजार से अधिक के मरने की आशंका जतायी गई है। अब तक 1 हजार मौत की पुष्टि की गई है।

**मोदी ने की सैन्य सरकार प्रमुख से बात**

म्यामार में आयी भूकंप से तबाही के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यामार में सैन्य सरकार प्रमुख से बात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

।। श्री गणेशम्बिकाभ्याम नमः ।। श्री धनवन्तरयै नमः ।।
आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श केन्द्र
गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो आदि।
सीएसईबी चौक
दु.नं.-7 शिव हर्बल अल्का काम्प्लेक्स
स्टेडियम रोड
ट्रांसपोर्ट नगर चौक
मुड़ापार रोड
पावर हाउस रोड
पतंजलि
श्रीश्री AYURVEDA
बैद्यनाथ असली आयुर्वेद
Dabur
SNA
ZANDU
Anti Aging
Anti Wrinkles
Clear Skin Tone
Fairness
Glowing Youthful Skin
Dark Spots Lightening
Keeping your skin healthy & young
Avocado Cream
total skin care in just 7 days
Dr. Yugesh Sharma
M.D. (N.M.) Regn. 51049/16
शराब छुड़ाने की हर्बल दवा
सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...
शिव हर्बल मेडिकल स्टोर
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

## शाहरुख के खिलाफ याचिका...रायपुर कोर्ट में 8 अप्रैल को सुनवाई

**भ्रामक एडवरटाइजमेंट का है आरोप; जज ने नोटिस भेजने से पहले वकील से आर्गुमेंट मांगा**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

रायपुर सिविल कोर्ट में शाहरुख खान के खिलाफ याचिका दर्ज हुई है। याचिका पर सुनवाई को कोर्ट ने मंजूरी दे दी थी। वकील के



मुताबिक, आज मामले में 29 मार्च को कोर्ट में सुनवाई होने वाली थी। लेकिन वह टल गई है। फिलहाल कोर्ट ने वादी वकील से इस मामले में दूसरे पक्ष को नोटिस भेजने से पहले आर्गुमेंट(तर्क) पूछा है। जिसके बाद वकील ने अपना जवाब पेश किया है। कोर्ट ने नोटिस भेजने को लेकर अपना निर्णय पेंडिंग रखा है।

हालांकि इसके पहले वकील विराट वर्मा ने बताया था कि याचिका में सुनवाई के लिए कोर्ट की तरफ से शाहरुख खान और कई अन्य मल्टीनेशनल कंपनियों को नोटिस जारी हुआ है। लेकिन कोर्ट की आज की कार्यवाई से साफ है कि अभी केवल याचिका रजिस्टर्ड की गई है।

**वकील बोले- मेरे कैरियर में ऐसा पहली बार हुआ**

इस मामले में वकील वर्मा का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि कोर्ट में याचिका रजिस्टर्ड होने के बाद भी समन जारी नहीं किया गया है। जबकि याचिका को रजिस्टर्ड करने से पहले आर्गुमेंट सुना जाता है। फिलहाल इस मामले में कोर्ट ने नोटिस जारी करने से पहले आर्गुमेंट की बात कही है। हमने अपने तर्क माननीय न्यायालय में रख दिए हैं। इस मामले में आगे 8 अप्रैल को कार्रवाई के बाद अपडेट मिलेगा।

इस मामले में वादी के वकील का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, टेलीविजन समेत कई जगह बड़ी कंपनियां भ्रामक एडवरटाइजमेंट दिखा रही है। जिससे कि देशभर में यूथ और अन्य पर इंपैक्ट हो रहा है। यह कंपनियां बड़े सेलिब्रिटी का सहारा लेती है। जिस वजह से ये याचिका लगाई गई है।

## भगवा रंग में सजा पीएम मोदी का मंच:सभास्थल के पीछे बना पीएम सचिवालय, सीएस-डीजीपी ने देखा ट्रैफिक प्लान,कहा-पावर बैकअप और साउंड सिस्टम दुरुस्त रहे

**बिलासपुर ( एजेंसी )।**





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर दौरे पर रहेंगे। यहां बिल्हा ब्लॉक के मोहभट्ठा में उनकी जनसभा होगी, जिसकी तैयारी अंतिम दौर पर है। एसपीजी की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभास्थल और आसपास के इलाकों को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक सभास्थल के पीछे VVIP लांज के साथ ही पीएम सचिवालय भी बनाया गया है।

वहीं, सभास्थल और मंच को भगवा रंग से सजाया गया है। शुक्रवार को मुख्य सचिव (CS) और पुलिस महानिदेशक (DGP) ने सभास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक प्लान, पावर बैकअप, साउंड सिस्टम के साथ ही मंच को लेकर निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि ट्रैफिक प्लान के बारे में जवानों को भी जानकारी होनी चाहिए।

**भीषण गर्मी में होगी सभा**

बता दें कि पीएम मोदी यहां एक घंटा रहेंगे। उनकी सभा भीषण गर्मी में दोपहर 2 बजे होगी। सभा में पहुंचने वालों की जांच की जाएगी। लिहाजा, लोगों को सभास्थल पर तीन घंटा पहले पहुंचना होगा।

पिछले 15 दिन से सभास्थल पर तैयारियां चल रही है। लगातार जिला प्रशासन के साथ ही राज्य शासन के अफसर सभास्थल पर दौरा कर रहे हैं। वहीं, अब पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए एसपीजी के अफसरों ने कमान संभाल लिया है।

**हिंदू नववर्ष का शुभारंभ, इसलिए चुना भगवा रंग**

जिस दिन पीएम मोदी की बिलासपुर में जनसभा होगी, उस दिन नवरात्र पर्व का पहला दिन है। साथ ही हिंदू नववर्ष की प्रतिपदा तिथि होगी। यही वजह है कि पीएम मोदी के मंच को भगवा रंग से सजाया जा रहा है। इसके साथ ही सभास्थल और आसपास भगवा रंग का पंडाल बनाया गया है।

**CS और DGP पहुंचे बिलासपुर, सभास्थल का किया निरीक्षण**

प्रधानमंत्री मोदी बिल्हा के मोहभट्ठा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्य सचिव जैन और डीजीपी गौतम कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने मुख्य मंच, हेलिपेड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच व हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने विद्युत विभाग को पावर बैकअप की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने ईएंडएम विभाग को साउंड और कनेक्शन की व्यवस्था को पहले से ही चेक करने के निर्देश दिए ताकि मुख्य कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की समस्या न आए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को मंच व बैरिकेड्स की व्यवस्था का भी मानक के अनुसार परीक्षण करने और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीजीपी गौतम ने सुरक्षा, पार्किंग, बैठक व अन्य व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की और उन्होंने सुरक्षा में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी सतर्कता व तत्परता से कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल में बड़ी संख्या में लोग पहुचेंगे। इसे देखते हुए ट्रैफिक प्लान को बेहतर रखें।

**कलेक्टर ने अफसरों को बताया ट्रैफिक प्लान**

इस दौरान कलेक्टर अवनीश शरण ने मुख्य सचिव और डीजीपी को ट्रैफिक प्लान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभास्थल पर सभी दिशाओं से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

जिसमें यह भी ध्यान रखा गया है कि गर्मी में लोगों को ज्यादा परेशान न हो और ज्यादा दूर पैदल न चलना पड़े। डीजीपी अरूण देव ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात जवानों को ट्रैफिक प्लान की जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के सुरक्षा, सुविधा तथा कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बेहतर कार्य करने कहा। कलेक्टर अवनीश शरण ने सीएम की मंशा के मुताबिक सभी तैयारी किए जाने की बात कही।

निरीक्षण के मौके पर एसीएस व कार्यक्रम प्रभारी मनोज पिंगुआ, एडीजीपी प्रदीप गुप्ता, संभागायुक्त महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, एसपी रजनेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

**33 हजार 700 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात**

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट लॉन्च करेंगे। इनमें बिजली, तेल, गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही 540 किमी की पेट्रोल-डीजल पाइप लाइन प्रोजेक्ट का भी आधारशिला रखेंगे।

वहीं, 29 जिलों में 130 हाईटेक पीएमश्री स्कूल बनाने की घोषणा करेंगे। पीएमश्री स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड, आधुनिक लैब और लाइब्रेरी से अपग्रेड होंगे। पीएम आवास योजना के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा, जिन्हें क्कमोदी चाबियां भी सौंपेंगे। इस दौरान अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें पीएम जनमन योजना के तहत विशेष रूप से बिरहोर, बैगा और पहाड़ी कोरवा जैसी जनजातियों के लिए योजनाएं भी शामिल हैं, जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल के विकास को नई दिशा देंगे।

# कोयला घोटाला...पति के साथ मिलकर स्कैम करती थी रानू

**सप्लीमेंट्री चालान में आईएएस जयप्रकाश, एडवोकेट भाटिया समेत 9 नाम, ईडी ने सूर्यकांत को बताया किंगपिन**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में शुक्रवार को ईडी ने 9 आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान पेश किया है। इनमें रानू साहू के पति आईएएस जयप्रकाश मौर्य समेत 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

पेश किए गए चालान में बताया गया है कि आईएएस यप्रकाश मौर्य रानू साहू के साथ मिलकर काम करते थे। निलंबित आईएएस रानू साहू पहले ही जेल में बंद है। इसके अलावा, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी भी इस केस में जेल में बंद हैं।

**हेमंत और वीरेंद्र अवैध कोल लेवी में सक्रिय**

ईडी ने चालान में बताया है कि हेमंत और वीरेंद्र अवैध कोल लेवी वसूली में सक्रिय रहे। इसके अलावा पारिख और राहुल पर आरोप है कि दोनों कोल घोटाले मामले के किंग पिन सूर्यकांत तिवारी के साथ मिलकर काम करते थे।

इन सभी पर आरोप है कि कोयला लेवी के पैसों का कलेक्शन करते और उसे सिंडिकेट से जुड़े लोगों और अधिकारियों तक पहुंचाते थे। वहीं जोगिंदर सिंह, रामगोपाल और पीयूष भाटिया की भी घोटाले में विशेष भूमिका बताई गई है।

**चालान के मुताबिक आरोपियों की भूमिका**

हेमंत और वीरेंद्र अवैध कोल लेवी वसूली में सक्रिय रहे हैं। इसके अलावा पारिख और राहुल पर आरोप है कि दोनों कोल घोटाले मामले के किंग पिन सूर्यकांत तिवारी के साथ मिलकर काम करते थे। इन सभी पर आरोप है कि कोयला लेवी के पैसों का कलेक्शन करते थे।

उसे सिंडिकेट से जुड़े लोगों और अधिकारियों तक पहुंचाते थे। साथ ही जोगिंदर सिंह, रामगोपाल व पीयूष भाटिया की भी घोटाले में विशेष भूमिका बताई गई है।

**30 जनवरी को ईडी ने सीज की 50 करोड़ की संपत्ति**

कोयला घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 30 जनवरी को बड़ी कार्रवाई करते हुए घोटाले से जुड़े लोगों की संपत्ति कुर्क की थी। इनमें बैंक बैलेंस, वाहन, नगदी, जेवरात और जमीन सहित 100 से अधिक चल और अचल संपत्तियां शामिल थी। इसकी कुल कीमत 49.73 करोड़ रुपए है।

ये संपत्तियां कोयला घोटाले के कथित मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी के साथ बाकी आरोपियों की भी है। ईडी की जांच में पता चला है कि कुछ लोगों ने पिछली सरकार में रहे नेताओं और वरिष्ठ राज्य अधिकारियों से मिलीभगत कर कोयला ट्रांसपोर्टर्स से जबरन वसूली की।

**सिंडिकेट बनाकर हुई 570 करोड़ की वसूली**

छत्तीसगढ़ में अवैध कोल लेवी वसूली का मामला ईडी की रेड में सामने आया था। दावा है कि, कोल परिवहन में कोल व्यापारियों से वसूली करने के लिए ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर दिया गया था। खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक आईएएस समीर बिश्नोई ने 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया था।

राजपूत महिला मंडल का होली मिलन

## महापौर संजू देवी ने कहा-होली मिलन के बहाने सामाजिक समरसता बढ़ती है



**महापौर संजूदेवी राजपूत एवं वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

घण्टाघर रोड बुधवारी के सामने रामजानकी मंदिर परिसर में स्थित सामाजिक भवन में राजपूत महिला मंडल ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत उपस्थित हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करती हुईं श्रीमती राजपूत ने कहा कि होली हमारे देश का सबसे पवित्र पर्वों में से एक होली भी है, इसके कई आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व है। हम यहां पर होली मिलन समारोह के बहाने सामाजिक समरसता एवं एकता को बढ़ाने यहां एकत्रित हुए हैं और रंग-गुलाल से सभी मतभेद मिट जाते हैं और सभी होली के रंग में एक हो जाते हैं। रंगों का यह त्यौहार वाकई में लाजवाब है और यह हमें एकता का पाठ पढ़ाता है। होली सभी बुराईयों को मिटाकर अच्छाईयों को ग्रहण करने का संदेश देती है। होली मिलन समारोह में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद लिया। इस अवसर पर समाज ने यहां पर महापौर संजूदेवी राजपूत सहित समाज की ख्यातिलब्ध महिलाओं का शाल और श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला मण्डल की कार्यकारिणी सहित राजपूत समाज के वरिष्ठ सदस्य गण एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?
एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
आज ही बीमा कराएं
अपने और अपने परिवार
के भविष्य को सुरक्षित
एवं बेहतर बनाएं



नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।
सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)
कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र
प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
मो.नं.-90987-52955, 99262-57886

## 10 रुपए में रायपुर-नवा रायपुर पहुंचाएगी ट्रेन

**पीएम मोदी 30 को दिखाएंगे हरी झंडी, 75 रुपए में जा सकेंगे अभनपुर से नागपुर**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

नए कलर और नए लुक में तैयार की गई मेमू ट्रेन रायपुर से अभनपुर के बीच चलेगी। मात्र 10 रुपए के टिकट पर यह लोगों को रायपुर से नवा रायपुर और अभनपुर आधे घंटे में पहुंचा देगी। इसके अलावा अभनपुर से यात्री मात्र 75 रुपए की टिकट कीमत पर नागपुर जा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

पीएम मोदी 30 मार्च की दोपहर रायपुर आएंगे। इसके बाद बिलासपुर के मोहभाठा में सभा लेंगे। इस कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ के लिए 33 हजार 700 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और भूमिपूजन करेंगे।

**रायपुर से नवा रायपुर 32 मिनट में**

ट्रेन से रायपुर रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर के सीबीडी रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए यात्रियों को 32 मिनट लगेगा। आगे ये ट्रेन आगे केंद्री और अभनपुर स्टेशन भी जाएगी। नई रेल सेवा के तहत रायपुर से अभनपुर के बीच ये मेमू ट्रेन चलाई जाएगी।

इसमें रायपुर आरवी ब्लॉक हाट, मंदिर हसौद, उद्योग नगर, सीबीडी, मेला ग्राउंड केंद्री और अभनपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव होगा।

**ऐसा है नवा रायपुर का रेलवे स्टेशन**

75 करोड़ रुपए की लागत से सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट एरिया



रेलवे स्टेशन बनकर तैयार है। यह छत्तीसगढ़ का पहला रेलवे स्टेशन है, जिसमें शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। यानी स्टेशन के ऊपरी हिस्से में बाजार सजेगा और नीचे पटरियों पर ट्रेन दौड़ेगी।

नवरात्रि, गुड़ीपड़वा, हिन्दू नववर्ष एवं चेट्रीचंड्र की अनंत शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

यत्र नारी पूज्यंते, तत्र रमंते देवता:

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 30 मार्च से 03 अप्रैल 2025


सुविचार

एक सुखद जीवन के लिए मस्तिष्क में सत्यता और हृदय में पवित्रता जरूरी है।

## एसईसीएल सराईपाली खदान में वर्चस्व की लड़ाई में गैंगवार: भाजपा मंडल अध्यक्ष ने साथियों से मिलकर एक कारोबारी को काट डाला



### हत्या के विरोध में पाली बंद

एसईसीएल सराईपाली बुड़बुंड में हुए गैंगवार के बाद रोहित जायसवाल की हत्या के बाद पाली में सनसनी फैल गई और रविवार को स्वस्फूर्त पाली बंद रहा। पाली में ऐतिहासिक वारदात के बाद सन्नाटा छाया हुआ है और लोग दहशत में हैं।

### कोयला खदान खुलने के बाद पाली क्षेत्र में छायी अशांति

पाली क्षेत्र में सराईपाली एवं अम्बिका खदान खुलने के बाद पाली जैसी शांति जगह अब अशांत हो गई है। करीब दो वर्ष पूर्व एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सराईपाली खदान अस्तित्व में आयी थी और उसके बाद क्षेत्र के युवा वर्चस्व जमाने आये दिन संघर्ष की स्थिति पैदा कर रहे थे और शुक्रवार को बड़ी वारदात हो गई। कोयला कारोबारियों के बीच हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया और एक युवा कारोबारी की जहां हत्या हो गई, वहीं राजनीति में कैरियर बना रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर का इस खूनी संघर्ष में कैरियर ही बर्बाद कर दिया और उनके साथ कई युवा अब जेल में समय बीताएंगे। इस खूनी संघर्ष के बाद पाली क्षेत्र में दहशत के साथ भय भी व्याप्त है। एसईसीएल सराईपाली में एसईसीएल प्रबंधन पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था भी मुहैय्या नहीं करा पा रहा।

### रंजिश की चिंगारी

रोहित की हत्या के बाद उसके परिजनों ने आरोपियों के परिजनों से जमकर मारपीट की। शुभम और प्रभात को कमरे में बंद कर मारपीट किया गया। देर रात एसपी और टीम ने शुभम और प्रभात को मुक्त कराया।

**कोरबा/ पाली ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में शुक्रवार की रात भाजपा नेता, उसके भाई और भांजे समेत 20-25 लोगों ने कोल कारोबारी को धारदार हथियार से मार डाला। कोयला ट्रांसपोर्टिंग को लेकर 2 पक्षों में विवाद हुआ। इसके बाद खूनी झड़प हो गई है। इलाके में तनाव का माहौल है। मामला पाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक रोहित जायसवाल (36) की हत्या की गई है। रोहित के शरीर पर कई जगह कटने के निशान हैं। हत्या का मुख्य आरोपी रोशन सिंह ठाकुर है, जो पाली ब्लॉक का भाजपा मंडल अध्यक्ष है। वहीं आरोपियों को संरक्षण देने पर पाली थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया है।

दरअसल, 28मार्च की रात 10 बजकर 30 मिनट में अपने 3 साथियों के साथ रोहित जायसवाल सरायपाली SECL के बुड़बुड़ खदान में कोयला लोड कराने आए थे, तभी आरोपी रोशन सिंह भी अपने, भाई और भांजे समेत 20-25 साथियों के साथ हथियारों से लैस पहुंचा।

इस दौरान रोशन सिंह सरायपाली SECL खदान गेट के सामने विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि रोशन सिंह ने पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद साथियों ने भी धारदार हथियारों से रोहित को मारने लगे। वारदात के बाद रोहित के साथियों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।रोहित जायसवाल और रोशन ठाकुर दोनों कोल ट्रांसपोर्टर्स हैं। इन दोनों के पास सरायपाली SECL बुड़बुड़ खदान में C ग्रेड कोयला परिवहन करने की परमिट है, लेकिन रोशन ठाकुर ज्यादा पावरफुल है। खदान के अंदर लोगों से उसकी सेटिंग है। C ग्रेड कोयले में कुछ अच्छा माल भी रहता है। ऐसे में रोशन ठाकुर खदान के अंदर मौजूद लोगों से साठगांठ कर अच्छे माल को अपनी गाड़ियों में लोड कराता था। खराब माल रोहित जायसवाल के लिए बचवा देता है। इससे रोहित को नुकसान और रोशन को मुनाफा होता था। इसी को लेकर दोनों के बीच में विवाद चल रहा था।

### संरक्षण देने पर टीआई लाइन अटैच

#### विवाद की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की



मृतक के भाई अनिल जायसवाल ने बताया कि रोशन सिंह ठाकुर के गुट ने उनके भाई को मारा है। पिछले 6 महीने से विवाद चल रहा है। पहले भी मारपीट की गई थी। विवाद की शिकायत पाली थाने में की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अनिल जायसवाल ने एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर पर भी रोशन सिंह के साथ मिलकर कोयले की हेराफेरी में शामिल होने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद SP ने थाना प्रभारी विनोद सिन्हा को लाइन अटैच कर दिया है।युवराज तिवारी को नया थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि दर्री थाना प्रभारी का कार्यभार ललित चंद्रा को सौंपा गया है।

#### इलाके में तनाव की स्थिति

वारदात से गुस्साए लोगों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की और पाली बंद करा दिया है। बड़ी तादाद में जिले की पुलिस पाली इलाके में तैनात है, ताकि कोई हिंसा न हो सके। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिद्धार्थ तिवारी सहित कई थानों के प्रभारी मौके पर पहुंचे है।

#### आरोपियों ने थाने में आकर सरेंडर किया

वारदात के बाद पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, बाकी आरोपियों ने खुद थाने में आकर सरेंडर कर दिया है। इन लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज हुआ है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

#### इन आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर

आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर, गौरव सिंह ठाकुर,वासु ठाकुर, सौरभ श्रीवास, सुशांत ठाकुर उर्फ सीजू, संस्कार ठाकुर, मोंटी कश्यप, मुकेश श्रीवास, सुनील सागर, प्रभात दुबे, निलेश सिंह राज, कैलाश कैवर्त, अनिल मरावी उर्फ छोटू, मयंक सिंह ठाकुर, सूरज पासवान, सुरेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

#### ग्रेड से C ग्रेड कोयले की कहानी ?

A ग्रेड कोयला- यह सबसे हाई क्वालिटी वाला कोयला होता है, जिसमें कैलोरी मान 6200 किलोकैलोरी/किग्रा से अधिक होता है। B ग्रेड कोयला-यह A ग्रेड से थोड़ा कम गुणवत्ता वाला होता है, जिसमें कैलोरी मान 5600 से 6200 किलोकैलोरी/किग्रा के बीच होता है। C ग्रेड कोयला- यह B ग्रेड से कम गुणवत्ता वाला होता है, जिसमें कैलोरी मान 4940 से 5600 किलोकैलोरी/किग्रा के बीच होता है।

#### अब जानिए कोयले को मिक्स करने की कहानी ?

दरअसल, C ग्रेड में ही कुछ अच्छे क्वालिटी के कोयले होते हैं। उसे खदान से उठाकर अपने कोल डिपो में ले जाया जाता है। फिल्टर कर लो ग्रेड माल को, ग्रेड माल के साथ मिक्स कर देते हैं। इसके बाद बड़े-बड़े प्लांट में साठगांठ कर माल को खपा दिया जाता है। B और C ग्रेड में कोयला मिक्स बहुत कम किया जाता है, यह तब होता जब कोयले का रेट हाई हो, लेकिन इस वक्त रेट अभी डाउन चल रहा है। हालांकि खदान से जो जितना अधिक माल उठाता है, उसे उतना ही फायदा होता है। इसी अच्छे और खराब माल को लेकर विवाद हुआ और मर्डर हो गया।

## पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल हुये एमरजिंग स्टॉर आफ छ.ग. एवार्ड से सम्मानित



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा नगर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को विभिन्न अद्वितीय सामाजिक सेवा कार्यों के लिए गत 24 मार्च 2025 दिन सोमवार को होटल मेरियट रायपुर में अरूण साव (उप मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन) द्वारा एमरजिंग स्टार आफ छ.ग. एवार्ड से सम्मानित किया गया।

रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में कोरबा नगर के समाजसेवी संस्था लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के व्यवस्थापक एवं मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल (पूर्व प्रान्तपाल) को विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यों के लिए जैसे कोरोनाकाल के दौरान विभिन्न स्थलों में नि:शुल्क मास्क एवं खाद्य पदार्थों का वितरण, ग्रामीण अंचलों में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन पर एमरजिंग स्टॉर आफ छ.ग. एवार्ड से सम्मानित किया गया। पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल द्वारा ग्रामीण अंचलों में निवासरत् बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम में सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल का भी संचालन विगत 8 वर्षों से किया जा रहा है, जहाँ लगभग 650 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

इस अवसर पर पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि पीड़ित मानवता की सेवा करना हमारा धर्म है। साथ ही हमारा ध्येय है कि शिक्षा-सेवा,राष्ट्र -विकास, जिसमें बच्चों को एक अच्छी शिक्षा प्रदान करना ताकि बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर समाज एवं देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में कई कार्यों को अंजाम दिया गया है।

पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को एमरजिंग स्टॉर आफ छ.ग. एवार्ड से सम्मानित किये जाने पर पूरा लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल परिवार एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इससे पूर्व भी पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को जेम्स आफ इंडिया एवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। लायन पीएमजेएफ डॉ. राजकुमार अग्रवाल को सम्मानित किए जाने पर विद्यालय प्रबंधन एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल परिवार सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी है।







सुविचार

**यत्र नारी पूज्यंते तत्र रमंते देवता:**

चैत्र नवरात्रि

# नारी का सम्मान ही नवरात्रि है



वेद पुराणों में यह श्लोक जगत विख्यात है- यत्र नारी पूज्यंते... तत्र रमंते देवता:।

इस श्लोक को हमेशा ध्यान में रखकर सिर्फ नवरात्रि ही नहीं बल्कि वर्ष के 365 दिन अपनी दिनचर्या की शुरूआत करनी चाहिए। जब यह श्लोक हर मानव के मन मस्तिष्क में घर कर जाएगा, तो समाज में नारी के प्रति कभी अपराध नहीं होंगे और असली में राम राज्य की स्थापना तब होगी। महंगाई, भ्रष्टाचार, द्वेष जैसे समाज विरोधी तत्व भी धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और भारतीय लोकतंत्र में राजनेता भी जब समाज के प्रति अच्छी सोच के साथ राम के चरित्र को चरितार्थ करेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम किस तरह समाज को स्त्रियों के लिए स्वतंत्र और स्वच्छ वातावरण दे सकें। जब समाज स्त्री को भय मुक्त बनाकर एक आदर्श स्थापित करेंगे, उस दिन से शक्ति की उपासना का यथार्थ दिखेगा और राम राज्य की परिकल्पना साकार होगी।

**संपादक**

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 वासंती नवरात्रि 30 मार्च से प्रारंभ**

# शक्ति उपासना...



नवरात्रि शब्द सुनते ही मन में आदिशक्ति की तस्वीरें तैरने लगती हैं। कभी सौम्य रूप में मां पृथ्वी को आशीर्वाद देती हुई नजर आती हैं, तो कभी रौद्र रूप में दुष्टों का संहार करते नजर आती हैं। मां के नौ रूपों की प्रार्थना और आशीर्वाद लेने का महापर्व का नाम ही नवरात्रि है।

30 मार्च 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 से वासंती नवरात्र प्रारंभ होने के साथ-साथ हिन्दू नववर्ष का भी आगाज होने जा रहा है। हिन्दू नववर्ष ऐसे समय में आता है जब प्रकृति टीसू के फूलों सहित सतरंगी छटा से नववर्ष का स्वागत करती है। हिन्दू नववर्ष का आगाज ही अद्भूत और अकल्पनीय स्वागत के साथ होता है और प्रथम दिन ही शक्ति उपासना के साथ प्रारंभ होता है। वासंती नवरात्रि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ प्रारंभ होने के साथ चेट्रीचंड्र उत्सव, गुड़ी पड़वा का भी महापर्व अपने साथ ले आता है। वासंती नवरात्र प्रारंभ होते ही सकल सुकाम भी प्रारंभ हो जाता है। नवरात्रि वह महापर्व है, जब आदि शक्ति की उपासना से हमें नई ऊर्जा, मन में नवप्रकाश और नववर्ष की नई सुबह मिलती है और उपासना से शरीर निरोगी बनने के साथ-साथ आध्यात्मिक जागृति भी मिलती है।


आदि शक्ति की उपासना में वह अकाट्य शक्ति होती है, जिससे समाज में भी सत्व का भाव बिखरता है। शक्ति की उपासना के साथ हमें इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि हर शब्दों में, हर कर्मों में और हर विचार में नारी का सम्मान होना चाहिए, तभी हमारी शक्ति उपासना सार्थक होगी और समाज में भयमुक्त वातावरण तैयार होगा।

आज समाज में जिस तरह से नारी हिंसा, नारी अपमान, नारी के प्रति कुचक्र चल रहा है वह भारत जैसे देव भूमि के लिए घातक ही नहीं बल्कि नारी के प्रति आघात भी है। सनातन काल में नारी सम्मान सर्वोपरी था और जब-जब नारी पर आघात हुआ, तब-तब शक्ति ने विभिन्न रूपों में अवतरित होकर दुष्टों का संहार किया और समाज में सत्व की नींव रखी। आज भी जब-जब नारी पर अत्याचार होगा, तब-तब स्वयं नारी को अपने-आपको सुरक्षित रखते हुए राक्षसों के संहार के लिए आगे आना होगा और कानूनी लड़ाई लड़कर स्वयं को और समस्त नारी को उनका हक दिलाना होगा। नवरात्रि से नारी को भी इस बात का संकल्प लेना होगा कि अब हम अत्याचार नहीं सहेंगे और लड़ेगें... तब-तक जब हमें न्याय नहीं मिल जाता। नारी को स्वयं जागृत होना होगा और स्वयं सत्वभाव से जीवन यापन करते हुए ऐसे किसी भी साजिश या हथकंडे का शिकार नहीं होंगी, जो उनकी मर्यादा और मान को ठेस पहुंचे, सतर्क रहें और समाज के राक्षसों का प्रतिकार करें। समाज में ऐसे कई मारीच हैं, जो साधु के वेश में रावण बनकर आपको ठगेंगे और जीवन सुधारने का झांसा भी देंगे, लेकिन आप सत्व भाव का पालन करते हुए अपनी मर्यादा को ना लांघें और समाज के आदर्शों का पालन करें, तभी समाज एक आदर्श समाज के रूप में प्रतिस्थापित होगा।

पुरूष वर्ग को भी इस नवरात्रि संकल्प लेना होगा कि हर पुरूष सनातन आदर्शों का पालन करेंगे और नारी सम्मान को सर्वोपरी मानकर एक आदर्श जीवन शैली अपनाएंगे। आदि शक्ति की उपासना का यही यथार्थ है। इति



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282



## इस बार नवरात्रि में एक दिन का होगा क्षय, 9 नहीं बल्कि 8 दिन होगी जगत जननी की पूजा

चैत्र माह का नवरात्रि पर्व हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह पर्व शक्ति की उपासना, देवी दुर्गा की पूजा और आदिशक्ति के रूप में मां भगवती की अराधना का पर्व है। चैत्र नवरात्रि का पर्व विशेष रूप से भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान विशेष रूप से देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है लेकिन 2025 में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिलेगा। इस बार नवरात्रि के व्रत 9 दिन नहीं, बल्कि 8 दिन तक ही होंगे। इस बदलाव को लेकर श्रद्धालुओं के बीच कई सवाल उठ रहे हैं और अब जानना जरूरी हो गया है कि ऐसा क्यों होगा और इसके पीछे का कारण क्या है।

**2025 में नवरात्रि में बदलाव**

हर साल नवरात्रि के व्रत 9 दिनों तक होते हैं लेकिन 2025 में एक विशेष स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिसके कारण नवरात्रि के व्रत एक दिन कम, यानी 8 दिन तक होंगे। इसका कारण यह है कि 2025 में नवरात्रि की तिथियों में एक दिन का क्षय हो जाएगा । इसके कारण नवरात्रि की पूजा में एक दिन की कमी हो जाएगी, जो सामान्य रूप से 9 दिन होती है।

**क्या असर पड़ेगा पूजा और व्रत पर ?**

चैत्र नवरात्रि के व्रत 9 दिनों तक होते हैं और यह बहुत ही शुभ माना जाता है क्योंकि इस दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है और भक्त उन्हें 9 दिनों तक उपवासी रहकर अर्चना करते हैं। लेकिन इस बार 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन ही पूजा हो सकेगी। इसका असर पूजा की अवधि पर तो पड़ेगा ही लेकिन भक्तों को किसी प्रकार की पूजा में कमी महसूस नहीं होगी क्योंकि 8 दिन का व्रत भी देवी दुर्गा की उपासना के लिए उतना ही पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है।

**इस तिथि का होगा क्षय**

पंचांग के अनुसार 31 मार्च को द्वितीया तिथि सुबह 9.12 मिनट तक रहेगी और साथ में ही तृतीया तिथि लग जाएगी जो अप्रैल 1 अप्रैल को सुबह लगभग 5 बजकर 45 मिनट तक रहेगी। इसके अनुसार तृतीया तिथि का क्षय होगा। इस वजह से 31 मार्च को माता ब्रह्माचारिणी और चंद्रघंटा की पूजा एक साथ की जाएगी।

मां शैलपुत्री- प्रतिपदा- 30 मार्च
मां ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा- द्वितीया और तृतीया तिथि का क्षय- 31 मार्च
मां कूष्मांडा- चतुर्थी- 1 अप्रैल
मां स्कंदमाता- पंचमी- 2 अप्रैल
मां कात्यायनी- षष्ठी- 3 अप्रैल
मां कालरात्रि- सप्तमी- 4 अप्रैल
मां महागौरी- अष्टमी- 5 अप्रैल
मां सिद्धिदात्री- नवमी- 6 अप्रैल
मां नवरात्रि - दशमी- 7 अप्रैल

नवरात्रि का समय देवी पूजा के साथ-साथ विशेष उपायों के लिए भी उपयुक्त होता है। इस दौरान किए गए कुछ उपायों से व्यक्ति का जीवन सुखमय, समृद्ध और शांति से भरा हो सकता है।

नवरात्रि के दौरान कुछ खास व्रत और पूजा से ग्रह दोषों का निवारण किया जा सकता है।

व्यापार में उन्नति के लिए नवरात्रि के पहले दिन देवी लक्ष्मी की पूजा करें और खासकर 8वें दिन विशेष हवन और पूजा करें।

अगर कोई स्वास्थ्य से संबंधित समस्या हो, तो नवरात्रि के व्रत के दौरान उपवास रखने से शारीरिक ऊर्जा और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

# 30 मार्च से शुभ संयोग में शुरू होगा हिंदू नववर्ष 2082

एजेंसी। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस वर्ष आकाशीय मंडल में 2082 संवत की यदि मंत्रिमंडल की बात करें, संवत के राजा और मंत्री सूर्य होंगे। वहीं अन्न-धन, खनिज व धातु के स्वामी बुध, खाद्य पदार्थों के स्वामी मंगल होंगे।

हिंदू धर्म में नव वर्ष विक्रम संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इस बार 30 मार्च 2025 से नव विक्रम संवत्सर 2082 आरंभ होगा। साथ ही इस दिन से ही चैत्र नवरात्रि भी आरंभ होतीं हैं। इस नवसंवत्सर 2082 को सिद्धार्थ नामक संवत्सर के रूप में जाना जाएगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में रविवार 30 मार्च को नए संवत्सर 2082 का आरंभ ग्रह-गोचरों के शुभ संयोग में होगा। इस दिन शाम 6.14 बजे तक रेवती नक्षत्र फिर अश्विनी नक्षत्र विद्यमान रहेगा। मीन लग्न सुबह 06.26 बजे तक रहेगा फिर मेष लग्न का आरंभ होगा। मीन राशि में इस दिन पांच ग्रह के मौजूद होने से पंचग्रहीय योग बनेगा। मीन राशि में सूर्य, बुध, राहु, शनि और शुक्र ग्रह विद्यमान होंगे। केतु कन्या राशि में, देवगुरु बृहस्पति वृष राशि में तथा मंगल मिथुन राशि में रहेंगे। हालांकि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत 01 जनवरी से होती है, लेकिन नया हिंदू वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होती है और सभी व्रत-त्योहार हिंदू कैलेंडर की तिथियों के आधार पर ही मनाया जाता है। इस बार नया हिंदू नववर्ष विक्रम संवत बहुत ही खास रहेगा।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस वर्ष आकाशीय मंडल में 2082 संवत की यदि मंत्रिमंडल की बात करें, संवत के राजा और मंत्री सूर्य होंगे। वहीं अन्न-धन, खनिज व धातु के स्वामी बुध, खाद्य पदार्थों के स्वामी मंगल होंगे। वही सेनापति का कार्यभार शनि संभालेंगे और संवत्सर के वाहन घोड़ा होगा। इस विक्रम संवत का नाम सिद्धार्थ होगा। इस सिद्धार्थ संवत के राजा- सूर्य, मन्त्री- सूर्य, सस्येश- बुध, दुर्गेश- शनि, धनेश- मंगल, रसेश- शुक्र, धान्येश- चन्द्र, नीरसेश- बुध, फलेश- शनि, मेघेश- सूर्य होंगे। रविवार 30 मार्च 2025 को शाम 6.14 बजे तक रेवती नक्षत्र फिर अश्विनी नक्षत्र विद्यमान रहेगा। मीन लग्न सुबह 06.26 बजे तक रहेगा फिर मेष लग्न का आरंभ होगा। मीन राशि में इस दिन पांच ग्रह के मौजूद होने से पंचग्रहीय योग बनेगा। मीन राशि में सूर्य, बुध, राहु, शनि और शुक्र ग्रह विद्यमान होंगे। केतु कन्या राशि में, देवगुरु बृहस्पति वृष राशि में तथा मंगल



मिथुन राशि में रहेंगे।

नव संवत्सर विक्रम संवत - 2082
नव संवत्सर आरंभ - 30 मार्च 2025
प्रतिपदा तिथि आरंभ - 29 मार्च शाम 4.27 बजे से
प्रतिपदा तिथि समाप्त - 30 मार्च दोपहर 12.49 बजे तक

**हिंदू नववर्ष पर शुभ योग**

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि रविवार 30 मार्च 2025 को शाम 6ऺ14 बजे तक रेवती नक्षत्र फिर अश्विनी नक्षत्र विद्यमान रहेगा। मीन लग्न सुबह 06.26 बजे तक रहेगा फिर मेष लग्न का आरंभ होगा। मीन राशि में इस दिन पांच ग्रह के मौजूद होने से पंचग्रहीय योग बनेगा। मीन राशि में सूर्य, बुध, राहु, शनि और शुक्र ग्रह विद्यमान होंगे। केतु कन्या राशि में, देवगुरु बृहस्पति वृष राशि में तथा मंगल मिथुन राशि में रहेंगे।

**राजा और मंत्री सूर्य**

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि संवत के राजा और मंत्री सूर्य होंगे। वहीं अन्न-धन, खनिज व धातु के स्वामी बुध, खाद्य पदार्थों के स्वामी मंगल होंगे। वही सेनापति का कार्यभार शनि संभालेंगे और संवत्सर के वाहन घोड़ा होगा। इस विक्रम संवत का नाम सिद्धार्थ होगा। इस सिद्धार्थ संवत के राजा- सूर्य, मन्त्री- सूर्य, सस्येश- बुध, दुर्गेश- शनि, धनेश- मंगल, रसेश- शुक्र, धान्येश- चन्द्र, नीरसेश- बुध, फलेश- शनि, मेघेश- सूर्य होंगे।

**भैरव प्रश्न**

जयजननी जगदीश्वरी तू जग की प्रतिपाल।
बियासी संवत् फल कहो श्रीमुख से सब हाल।।

**भवानी उत्तर**

सुनले भैरव प्रेम से मैं समझायुं तोय।
राजामंत्री देखतां मध्यम सवंत होय।।
सौम्यग्रहों ने वर्ष में लिये चार अधिकारी।
राजा-मंत्री मेध का रवि ने लिया है भार।।
धान्याधिप शशिराज है रसाधिप है भृगुदेव।
मंगल धन के देव है दुर्ग-फल के शनिदेव।।
एक धन की हानि करे दुर्ग करे शनिभेद।
राजा और शनि की नहीं बने दूजा कर दे छेद।।
प्रजा सुखी मंगल करे रोहिणी संधि बास।
समय निवासो वैश्यपर संवर्त बंधाये आस।।
रस नीरस और सस्य की जग में हो भरमार।
जलतृण के दो स्तम्भ है प्रजा में जै जै कार।।

सिद्धार्थी सम्वत्सर का फल
सिद्धार्थवत्सरे भूयो ज्ञानवैराग्ययुक् प्रजा:।
सकलावसुधाभातिबहुसस्यार्घवृष्टिभि: ।।

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि सिद्धार्थी अथवा सिद्धार्थ वर्ष में प्रजा ज्ञान, वैराग्य से युक्त होती है। सम्पूर्ण पृथ्वी पर प्रसन्नता रहती है और जल-अन की वृद्धि होती है। प्रतिकूल जलवायु के बाद भी धान्यादि का श्रेष्ठ उत्पादन होगा।

**राजा रवि का फल**

भविष्यवक्ता डॉ अनीष व्यास ने बताया कि अल्पवृष्टि, धान्य फल दुग्ध का उत्पादन कम होगा। जनता को पीड़ा, चोर-अशि की बाधा व शासकों को कष्ट होगा। दुधारू पशुओं की क्षमता में कमी आयेगी। धान्य, गन्ना आदि फसलों, वृक्षों पर फल-पुष्पादि का उत्पादन कम होगा। जनता में क्रोध, उत्तेजना, कलह व नेत्र विकार बढ़ेंगे।

यथा- सूर्ये नृपे स्वल्पजलाच मेघा: स्वल्पं धान्यमल्पफलाक्ष वृक्षा:।
स्वस्पं पयो गोषु जनेषु पीड़ा चौराप्रिबाधा निधनं नृपाणाम् ।।

**मन्त्री रवि का फल**

कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि जनता में रोग, चोर व राज का भय होगा। अन्न का प्रचुर उत्पादन, गम्भीर रोगों से जनता अस्त होगी। पेयजल, गुड़, दूध, तेल, ईख, फल, सब्जियों, चीनी इत्यादि रसयुक्त वस्तुओं की कमी से इनके भाव बढ़ेंगे। जनता मंहगाई से त्रस्त होगी।

यथा - नृपभयं गदतोऽपि हि तस्करात्प्रचुर धान्य धानानिमहीतले।
रसचयं हि समर्पतमं तदा रविरमात्यपदं हि समागत: ।।

भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ अनीष व्यास ने बताया कि जिस वर्ष राजा व मन्त्री दोनों पद एक ही ग्रह को मिल जाये तो उस वर्ष राजनेता निरंकुश होकर मनमानी करते हैं। अग्निकाण्ड, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप व सामाजिक उपद्रव से जनता त्रस्त होती है। वर्षा की कमी से गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। जनाक्रोश की घटनाएँ बढ़ेगी। नेताओं के मनमुटाव बढ़ेंगे। अनाज, फलों, सब्जियों व धान्यादि की पैदावार कम होगी। चोरी, डकैती, लूटमार, अग्निकाण्ड, गम्भीर रोग, नेत्र-विकार, पित्तजन्य रोग से जनता त्रस्त होगी। अनाज आदि के भाव बढ़ेंगे, जिससे मुनाफाखोर लाभान्वित होंगें।

यथा: स्वयं राजा स्वयं मन्त्री जनेषु रोगपीड़ा चौराग्नि, शंकाविग्रहभयं च नृपाणाम् ।।

हिन्दू कलेंडर 2082 के अनुसार मास

1. चैत्र मास, 2. वैशाख मास, 3. ज्येष्ठ मास, 4. आषाढ़ मास, 5. श्रावण मास, 6. भाद्रपद मास, 7.आश्विन मास, 8. कार्तिक मास, 9. मार्गशीर्ष मास, 10. पौष मास, 11. माघ मास, 12.फाल्गुन मास।

## चेट्रीचंड्र जो पूजें ज्योति जल उसकी हो हर समस्या हल

कुछ दिनों से शहर की रौनक बढ़ गई है,मेरे ही नही आपके शहर की भी। प्रकृति भी अपना रंग बदलने लगी है पतझड़ समाप्त होने को है नई पत्तियां, नई पंखुड़ियां हर्षित होकर आह्वान कर रही है, क्योंकि यह अवसर है ऋतु परिवर्तन के साथ वर्ष परिवर्तन का। हम हिन्दू सिंधी हर शहर ,हर राज्य, हर देश में है और हमारा त्यौहार आने वाला है। हमारे इष्टदेव की अराधना का पर्व नववर्ष हमारा चेट्रीचंड्र और कुछ दिनों पूर्व ही कई तरह के सांस्कृतिक व भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ।

चेट्रीचंड्र सिधी समाज का प्रमुख त्योहार माना जाता है जिसमें वरुण देवता की आराधना करते हैं जिन्हें जलदेव,लाल साई के नाम से भी जाना जाता है। इसमे ज्योति जो के आटे की बनाई जाती है(दिए के समान) एक मुखी या चार मुखी जलाते हैं व अखा जिसमें चावल ,छोटी इलायची, छुवारा हाथ मे पकड कर प्रार्थना की जाती है व इसे जल मे विसर्जन किया जाता जिससे जल मे रहने वाले जीवो को भोजन मिलता है खासकर मछलीयां जिसे लालसाई का वाहन माना जाता है।साथ ही पल्लव पहनते हैं जिसमे सर ढक कर व झोली पकड़कर प्रार्थना की जाती है।

प्रसाद के रूप मे मीठचावल,शरबत,चने ,कढा (आटे का हलवा) मुख्य रुप से होता है ।

कहते है जल ही जीवन है पृथ्वी का 70 प्रतिशत हिस्सा जल हैऔर हमारे शरीर मे 70प्रतिशत हिस्सा जल है। जल का स्वभाव होता है वह घुलमिल जाता है,हर आकार में ढल जाता है वैसे ही सिंधी व्यक्ति होते हैं जो हर जगह एडजस्ट हो जाते हैं। जल के बीना जीवन नही वैसे ही सिंधीयो के बीना व्यापार नही,आज



सिंधियों का देश कि अर्थव्यवस्था मे महत्वपूर्ण योगदान है।

जल जैसे रंगहिन,स्वाद हीन होता है वैसे ही सिंधी मेहनती जात पात से उपर होते है जहाँ होते है वहां कि भाषा, खानपान स्वीकार कर लेते है।जल देव के गुण भी उनके अंदर समाऐ रहते है।

झूलेलाल साईं जल व ज्योति के देव माने जाते हैं ऐसी मान्यता है कि जो प्रतिदिन दिया जलाएं (आटे का)जोत जलाएं और जलीय जीवो को भोजन दे उनके घर में सुख शांति समृद्धि होती है।

**झूलेलाल जंयती पर आधारित प्रसिद्ध कथा भी है जिसके अनुसार-**

भारत वर्ष के सिंध प्रांत में मिल्खा शाह नाम का बादशाह राज करता था बेहद दुष्ट अधर्मी एंव अत्याचारी था। बादशाह मिल्खाशाह वहां रह रहे हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए यातनाएं देता था। हिंदुओं की चोटियां काट लेता जनेऊ का ढेर लगाकर अग्नि के हवाले कर देता था

मिल्खा शाह के अत्याचारों से तंग आकर नगर वासियों एवं पंचों ने सिंधु नदी के किनारे जाकर पूजा अर्चना ,प्रार्थना ,पल्लव कर के ईश्वर से गुहार लगाई, प्रसन्न होकर भगवान श्री झूलेलाल नीले घोड़े पर सवार हो प्रकट हुए और अपने भक्तों से कहा शीघ्र ही तुम्हारे कष्ट निवारण होंगे और मैं मिल्खा शाह को सबक सिखाने सिंध प्रांत में जन्म लेकर आऊंगा।

संवत् 1007 चैत्र माह शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि (चंद्र दर्शन), शुक्रवार संध्या काल को नसरपुर में रतनराय के घर माता देवकी के गर्भ से भगवान स्वरूप में श्री उडेरोलाल पुत्र के रूप में अवतरित हुए, हर्षित होकर समस्त सिंधी समाज गाने लगा आया मेरा लाल झूले मेरा लाल बस वही उद्घोष बन गया आयो लाल -झूलेलाल।

अवतरण पश्चात भगवान श्री झूलेलाल सांई ने लीलाएं दिखानी प्रारंभ की ; जिसकी चर्चा मिरखा शाह बादशाह तक पहुंची मिल्खाशाह बादशाह ने बालक झूलेलाल स़ाई को मरने के हजारों यत्न प्रयत्न किए,असफल होने पर अपने सैनिकों को झूलेलाल सांई को पकड़कर लाने का आदेश दिया। इसपर कुपित हो भगवान झूलेलाल सांई ने दरबार सहित पूरे ठ्ठा नगर को जलमग्न कर दिया;

डूबते उतराते घबराकर मिल्खाशाह बादशाह ने भगवान झूलेलाल सांई से रहम की भीख मांगी एवं भविष्य में हिंदुओं पर अत्याचार न करने की बात कहकर भगवान श्री झूलेलाल की शरण पड़ा। भगवान श्री झूलेलाल ने मानव धर्म की सबसे बड़ा धर्म है ईश्वर एक है और उसकी रूप अनेक है,का उपदेश देते हुए मिल्खाशाह बादशाह को सद्बुद्धि प्रदान की।

झूलेलाल साई सबको सद्बुद्धि, शांति व समृद्धि दें,लोग हमेशा धर्म का पालन करे इन्हीं शुभकामनाओं के साथ आपको चेट्रीचंड्र की शुभकामनाएं।



**ट्विंकल आडवाणी**
बिलासपुर छत्तीसगढ़


सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस
जीवन के साथ भी
जीवन के बाद भी...
एलआईसी का
जीवन उत्सव
उत्सव मनाने का गारंटीड तरीका
Plan No.: 871
UIN: 512N363V01
आजीवन गारंटीड रिटर्न
के साथ
ऑनलाइन भी उपलब्ध
पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प
सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख
एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना
एलआईसी है तो कहीं और क्यों जाना...
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955


समस्त जिलेवासियों को हिन्दू नववर्ष,
चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा एवं चेट्रीचण्ड्र की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सौम्य, सुशील, शिक्षित एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी
श्रीमती बिंदु बियार
को ग्राम पंचायत पोड़ी की
सरपंच निर्वाचित होने पर
हार्दिक बधाई...
श्रीमती बिंदु होरीलाल बियार
नवनिर्वाचित सरपंच
सुस्वागतम्
समस्त नवनिर्वाचित पंचों का भी
हार्दिक अभिनंदन...
समस्त मतदाताओं
एवं वरिष्ठों का
हार्दिक आभार...
श्री विपिन कौशिक
नवनिर्वाचित उपसरपंच
विनीत
होरीलाल बियार
पूर्व सरपंच-ग्राम पंचायत पोड़ी
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

### महापौर ने पेश किया निगम का 8 अरब 97 करोड़ 99 लाख रूपये का बजट

# फल सब्जि के लिए बनेंगे वेंडिंग जोन, शहर विकास के लिए 100 करोड़ का प्रावधान

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**








नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी- चंद्रमा सिंह राजपूत ने अपना पहला बजट पेश किया, जिसमें करीब 920 करोड़ रूपए के बजट में शहर की सरकार ने जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया है। जनता को अतिरिक्त बोझ से बचाते हुए धन जुटाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। शहर विकास योजना के तहत 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है तथा इतनी ही राशि नगर उत्थान योजना के तहत रखी गई है। पानी की समस्या न हो, इसके लिए नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 10 करोड़ की राशि का प्रावधान रखा गया है। पहली बार अप्पू गार्डन को निजी हाथों में देने का फैसला किया गया है। बजट में शहर विकास को फोकस किया गया है और स्वच्छता रैंकिंग में प्रथम आने के प्रयास को फोकस किया गया है। फल- सब्जिमंडी के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। इससे छोटे व्यापारियों को फायदा मिलेगा।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा प्रस्तुत निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26 27 मार्च 2025 को निगम की साधारण सभा के दौरान सदन द्वारा बहुमत से अंगीकृत किया गया। निगम का यह बजट 08 अरब 97 करोड़ 99 लाख रूपये का बजट है। वहीं सदन में प्रस्तुत अन्य प्रस्ताव भी सर्वसम्मति व बहुमत के साथ पारित किए गए। सभापति नूतनसिंह ठाकुर की अध्यक्षता तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की साधारण सभा सम्पन्न हुई। महापौर श्रीमती राजपूत द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26 सदन पटल पर रखा गया। महापौर श्रीमती राजपूत ने अपना बजट अभिभाषण प्रस्तुत किया तथा प्रस्तुत बजट को जनकल्याणकारी, लोकहितैषी व खुशहाली का बजट निरूपित करते हुए बजट को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अंगीकृत करने का आग्रह किया। बजट पर विस्तार से चर्चा हुई तथा अंत में बहुमत के आधार पर बजट को अंगीकृत किया गया। इसी प्रकार एम.आई.सी.द्वारा पारित विभिन्न आर्थिक सहायता व पेंशन राशि प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन भी सदन द्वारा सर्वसम्मति किया गया। स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2025 के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को भी सदन में सर्वसम्मति से पारित किया। निगम के विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में कैफेटेरिया के आबंटन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) के संचालन एवं संधारण संबंधी प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित हुआ। कार्यसूची में शामिल मेयर इन काउंसिल द्वारा पारित वित्तीय प्रस्ताव को भी सूचनार्थ सदन के समक्ष रखा गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के तहत 52 निर्वाचित पार्षदों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र को अतिरिक्त एजेंडे के रूप में शामिल करते हुए एजेंडे पर चर्चा की गई तथा इस एजेंडे में शामिल जैन एडवरटाईजर्स को निगम द्वारा दिए गए होर्डिंग लगाने संबंधी ठेके को निरस्त किए जाने संबंधी प्रस्ताव को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति प्रदान की गई तथा उक्त कार्य का ठेका निरस्त करने की कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया।

### नगर निगम में पारदर्शी नगर सरकार के लिए महापौर संजू देवी दिखीं प्रतिबद्ध

# 10 साल बाद नगर निगम की सामान्य सभा में मीडिया बहाल

**पत्रकारों ने महापौर-सभापति का पुष्प गुच्छ देकर जताया आभार**

**पत्रकारों ने सभागार में बैठकर देखी सदन की सीधी कार्यवाही, बेरोकटोक किया समाचार संकलन**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**





नगर पालिक निगम कोरबा की सामान्य सभा की बैठक में 10 साल बाद गुरुवार को मीडिया को एंट्री मिली।

निगम में पिछले दो कार्यकाल के दौरान पूरे 10 वर्ष तक सामान्य सभा की बैठक में मीडिया के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ था। इस बार के कार्यकाल में निर्वाचित हुई महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत और सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने सामान्य सभा की बैठक को पारदर्शी बनाने के लिए चर्चा की, सत्ता पक्ष व विपक्ष के पार्षदों ने भी इसके लिए सहमति दी। जिसके बाद सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने सामान्य सभा की बैठक में मिडिया को प्रवेश की अनुमति दी और साथ ही समाज प्रमुखों व आमजन के लिए भी सामान्य सभा की बैठक की सीधी कार्यवाही देखने की व्यवस्था बनाई। जिसका परिणाम यह रहा कि गुरुवार 27 मार्च को सुबह 11.00 बजे नगर निगम के पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में सामान्य सभा की बैठक के दौरान कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व वरिष्ठ पत्रकारों के साथ ही बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने उनके बैठने की विशेष व्यवस्था की थी। बिना रोकटोक के पत्रकारों ने सदन की कार्यवाही देखने के साथ ही वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करते हुए समाचार संकलन किया। सामान्य सभा की बैठक में मीडिया को प्रवेश देने की व्यवस्था बनाने पर पत्रकारों ने महापौर संजूदेवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर समेत पार्षदों की प्रशंसा की। पत्रकारों की ओर से प्रेस क्लब के सचिव नागेन्द्र श्रीवास के साथ प्रेस क्लब उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य द्वय राजकुमार शाह, नीलम पडवार, प्रेस क्लब के पूर्व संरक्षक कमलेश यादव, पूर्व सचिव दिनेश राज, सत्यानारायण पाल, विजय दुबे, पवन तिवारी, राजेश मिश्रा, हीरा राठौर, प्रीतम जायसवाल, रेणु जायसवाल, नवाब हुसैन, भुवनेश्वर महतो, अशोक अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह राजपूत, राजा शर्मा, मनीष जायसवाल, अनीश कुमार, अजय डहरिया समेत अन्य पत्रकारों ने महापौर संजू देवी राजपूत व सभापति नूतन सिंह ठाकुर को पुष्प गुच्छ देकर मीडिया के प्रवेश के लिए उनका आभार जताया।

## साई मार्ग कॉलोनी द्वारा पार्षद मथुरा का किया गया सम्मान



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 3 साकेत नगर के नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती मथुरा चंद्रा का सम्मान समारोह का आयोजन साई मार्ग कॉलोनी के नागरिकों द्वारा किया गया।

इस समारोह में सभी ने अपने तरफ से पार्षद को जीत की बधाई दी और साथ ही मोहल्ले में व्याप्त समस्याओं से उनको अवगत कराया। सभी नागरिकों को पार्षद ने सभी को धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि यथा संभव सभी समस्याओं का अवलोकन करके उन्हें दूर करने के लिए जल्द से जल्द प्रयास किया जाएगा साथ ही पार्षद पुत्र सुदेश चंद्रा ने भी अपने विचारों से सबको संबोधित किया। इस अवसर पर कॉलोनी के शैलेन्द्र सिंह, उमेश अग्रवाल, राजेश मिलन, कमलेश भारती,जयप्रकाश शर्मा, सुरेश केवट, विनय अग्रवाल, तारकेश मिश्रा, अमित अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, धनेश्वर राठौर, सुंदर सारथी, परमजीत सिंह भाटिया, विवेक तिवारी एवं सभी गणमान्य नागरिकों के साथ महिलाएं व बच्चे भी मौजूद थे।

## हरीश दुहन ने संभाला एसईसीएल सीएमडी का पदभार

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



हरीश दुहन ने एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर निदेशक मण्डल, सीवीओ, विभागाध्यक्षों अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल की सुरक्षा टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानित किया गया।

इससे पहले दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक तकनीकी (संचालन) के पद पर कार्यरत थे।

हरीश दुहन कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपनी स्नातक उपाधि नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में प्राप्त की। श्री दुहन ने वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाओं की शुरुआत की। उनके पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है।

एसईसीएल का सीएमडी बनने से पहले, दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

श्री दुहन को पर्यावरण-हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में विशेष अनुभव प्राप्त है।

हरीश दुहन के एसईसीएल के सीएमडी पदभार ग्रहण करने के अवसर पर पूरी कंपनी में हर्ष का माहौल है। एसईसीएल परिवार को विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में कंपनी नए ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## बिलासपुर में विशुद्ध आयुर्वेदा-केरला पंचकर्म क्लीनिक का भव्य शुभारंभ,क्लीनिक को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**कोरबा/ बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा की प्रसिद्ध पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ एवं आयुर्वेद सदन- पंचकर्म चिकित्सालय टीपी नगर कोरबा की डायरेक्टर डॉ. मनीषा सिंह की बड़ी बहू डॉ. सोनिया सिंह के संचालन में बिलासपुर में भी आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया। चिकित्सालय का नाम विशुद्ध आयुर्वेदा-केरला पंचकर्म क्लीनिक रखा गया है।

मंगला चौक बिलासपुर में पंचकर्म चिकित्सालय का शुभारंभ 06 मार्च 2025 को शुभ मुहूर्त में किया गया और विद्वान आचार्यों एवं गायत्री परिवार के पंडितों के दिव्य मंत्रोच्चार के साथ क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।

**डॉ. मनीषा- कन्हैय्या सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ**

डॉ. सोनिया सिंह ने आयुर्वेद में एमडी करने के बाद आयुर्वेद को बढ़ाने के लिए तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए मंगलाचौक बिलासपुर में विशुद्ध आयुर्वेदा - केरला पंचकर्म क्लीनिक का संचालन प्रारंभ किया। उक्त क्लीनिक का शुभारंभ पंचकर्मचिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह एवं सेवानिवृत्त एसईसीएल अधिकारी कन्हैय्या सिंह ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व गायत्री मंत्रोच्चार के साथ सपरिवार भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना के साथ आशीर्वाद मांगा और कहा कि आयुर्वेद से लोगों का हर दर्द और बीमारी का निवारण हो और सबको निरोगी काया मिले और सबका जीवन खुशहाल हो।

**क्लीनिक को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद**

मंगला चौक बिलासपुर में गत 06 मार्च को उद्घाटित विशुद्ध आयुर्वेदा- केरला पंचकर्म क्लीनिक को आसपास के क्षेत्रों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और अल्प समय में ही क्लीनिक की कीर्ति बढ़ने लगी है। डायरेक्टर डॉ. सोनिया सिंह ने बताया कि आज पर्यावरण खराब हो चला है और लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि उन्हें स्वयं के लिए समय निकालना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण बीमारियां पैदा हो रही हैं। आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा से सभी क्रिटिकल बीमारियां ठीक हो जाती हैं। लोगों को अपना दिनचर्या अनुशासित होकर बनानी चाहिए और सुबह-शाम पैदल चलने के साथ योग का भी सहारा लेना चाहिए तथा अपना आहार-विहार सुव्यस्थित रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य धन सबसे बड़ा धन है और इसे जितना हो सके सुव्यस्थित दिनचर्या से बढ़ाना चाहिए, इससे दीर्घायु मिलती है।

### हर बीमारी का ईलाज है पंचकर्म चिकित्सा-डॉ. सोनिया सिंह



विशुद्ध आयुर्वेदा-केरला पंचकर्म क्लीनिक की डायरेक्टर डॉ. सोनिया सिंह ने कहा कि आयुर्वेद पंचकर्म में सभी पुरानी बीमारियों का ईलाज संभव है। उन्होंने कहा कि पंचकर्म चिकित्सा का लाभ हर वर्ग के लोगों को लेना चाहिए। जो स्वस्थ हैं, उन्हें भी पंचकर्म थैरेपी लेने की आवश्यकता है, इससे जीवन दीर्घायु बनता है और बीमारी आने से पहले ही इसका ईलाज करने से ही मानव देह रूग्ण नहीं होती और शरीर में कांति आने के साथ शरीर की उम्र बढ़ जाती है और पारिवारिक जीवन खुशहाल बनता है। आज आयुर्वेद हर वर्ग का पसंदीदा चिकित्सा विधा बनता जा रहा है,क्योंकि इसमें साइड ईफेक्ट का डर नहीं रहता, जबकि एलोपैथी चिकित्सा में एक बीमारी ठीक करने के लिए अंग्रेजी दवाईयों का इस्तेमाल अधिक होने के कारण अन्य बीमारियां पैदा होती हैं। आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा से शरीर निरोगी होने के साथ दीर्घायु भी देता है और सभी बीमारियों को जड़ से खत्म करता है।

## हिंदू नव वर्ष पर कोरबा में भव्य आयोजन:विहिप की शोभायात्रा में देश भर की कला-संस्कृति की झलक, सजी रंगबिरंगी झांकियां

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



कोरबा में हिंदू नव वर्ष के स्वागत को लेकर विश्व हिंदू परिषद की ओर से 30 मार्च, रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह यात्रा कोसाबाड़ी चौक से आईटीआई चौक तक जाएगी। शोभायात्रा में देश भर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देखने को मिलेगी। इसमें छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, पंजाबी गटका और बस्तर नृत्य शामिल हैं। नागपुर पंथी, बंगाली डाक निशान बाजा और कर्नाटक की कांतारा झांकी भी आकर्षण का केंद्र होगी। ओडिशा के कलाकारों की प्रस्तुतियां और शिव-पार्वती का लाइव स्टेज शो भी होगा। अयोध्या से श्रीराम-लक्ष्मण की दिव्य झांकी विशेष आकर्षण होगी। कल्की अवतार, ओपन ट्रेलर डीजे और अघोरी तांत्रिक साधना ग्रुप की प्रस्तुतियां भी होंगी। धुमाल नृत्य की झांकियां भी लोगों का मन मोहेंगी।

**पिछले 8 वर्षों से निकाली जा रही झांकी**

विहिप के जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि यह आयोजन पिछले 8 वर्षों से हो रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग और भगवान राम की कृपा से यह परंपरा जारी है। इस बार विभिन्न राज्यों की मंडलियों की भागीदारी से कार्यक्रम और भी खास बन गया है। आयोजन स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। संगठन ने सभी नागरिकों से इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है। यह शोभायात्रा धार्मिक उत्साह के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

## एसईसीएल मुख्यालय के 2 सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी



**बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

31.03.2025 को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से सेवानिवृत्त होने वाले 2 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में दिनांक 29.03.2025 को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।


मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में निदेशक तकनीकी (संचा. सह यो/परि) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, सीवीओ हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में रविन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय वरीय प्रबंधक (माइनिंग) क्यूसी विभाग, मधुसुदन मेनन वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (राजभाषा) ए 1 के सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी।

इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के इस मुकाम पर पहुँची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। अंत में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए सफलतापूर्वक उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सविता निर्मलकर ने निभाया।

## कोयला मंत्री ने उत्पादन-उत्पादकता में विशेष प्रयास के लिए 2 एसईसीएल कर्मियों को किया सम्मानित

**भारत में कोयला उद्योग ने हासिल की है 1 बिलियन टन उत्पादन की उपलब्धि**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**




भारत का कुल कोयला उत्पादन 1 बिलियन टन पहुंचने की उपलब्धि में विशेष योगदान के लिए के केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी एवं केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा 2 एसईसीएल कर्मियों को सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित 12वें दौर की वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी कार्यक्रम के दौरान भारत के 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों के विभिन्न कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी श्रेणी में हसदेव क्षेत्र के बिजुरी उपक्षेत्र में उपक्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में कार्यरत प्रशांत शर्मा (महाप्रबंधक, खनन) को बहेराबांध एवं बिजुरी भूमिगत खदानों के कुशल कार्यसंचालन एवं समय से पूर्व लक्ष्य प्राप्ति के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, कर्मचारी श्रेणी में भटगाँव क्षेत्र की जगन्नाथपुर ओपनकास्ट खदान में कार्यरत वरिष्ठ ओवरमैन राजेश कुमार पाटिल को खदान के ओवरबर्डन (ओबी) लक्ष्य की प्राप्ति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। सीएमडी महेश दुहन ने इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके शरण्येत्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते

# माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा जिला-कोरबा

## माँ सर्वमंगला की आरती

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी ।
तुमको निशदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवरी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को ।
उज्ज्वल से दोउ नैना, चंद्रवदन नीको ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कनक समान कलेवर, रक्ताम्बर राजै ।
रक्त पुष्प गल माला, कंठन पर साजै ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी ।
सुर-नर-मुनिजन सेवत, तिनके दुखहारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती ।
कोटिक चंद्र दिवाकर, सम राजत ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती ।
धूम्र विलोचन नैना, निशदिन मदमाती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे ।
मधु-कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी ।
आगम निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरो ।
बाजत ताल मृदंगा, अरू बाजत डमरू ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता,
भक्तन की दुख हरता । सुख संपति करता ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

भुजा चार अति शोभित, वर मुद्रा धारी । [खड्ग खप्पर धारी]
मनवांछित फल पावत, सेवत नर नारी ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती ।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

श्री अम्बेजी की आरति, जो कोई नर गावे ।
कहत शिवानंद स्वामी, सुख-संपति पावे ॥

ॐ जय अम्बे गौरी..॥

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी ।
माँ सर्वमंगला देवी की जय

माँ सर्वमंगला देवी सबकी मनोकामना पूर्ण करें

## चैत्र वासंती नवरात्रि - 30 मार्च से 06 अप्रैल 2025



## सर्व सिद्धि प्रदात्रि माँ सर्वमंगला देवी

कोरबा शहर से लगी जीवनदायनी माँ हसदेव नदी के तट पर स्थित माँ श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा कोरबा हसदेव नदी तट में विश्व कल्याण जगत माता जगदम्बिका मॉ श्री सर्वमंगला देवी की असीम अनुकम्पा से बसंत चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री सर्वमंगला देवी की पवित्र भूमि में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन रविवार, दिनांक 30 मार्च 2025 से प्रारंभ होगा एवं बसंत चैत नवरात्रि पर्व शुक्ल पक्ष नवमी दिन रविवार, दिनांक 06.04.2025 तक श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित होंगे। प्रबंधक एवं व्यवस्थापक नन्हा पाण्डेय (नमन्) ने बताया कि सर्वकामना ज्योति कलश के अलावा सतचंडी यज्ञ, यज्ञोपवित संस्कार एवं जसगीत गायन, कीर्तन-भजन का आयोजन रखा गया है। समस्त धर्मानुरागियों से प्रार्थना है कि मातेश्वरी माँ श्री सर्वमंगला देवी के दर्शन लाभ एवं उनके श्रीचरणों में मनोकामना अर्पित कर अपना जीवन सफल बनावें। उक्त पुण्य कार्यो में तन-मन-धन से सहयोग देकर पुण्य यज्ञ को सफल बनावें। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर में सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु तैल्य ज्योति कलश हेतु 701/- रूपए एवं घृत ज्योति कलश के लिए 2100/- रूपए जमा कर मंदिर परिसर स्थित कार्यालय से रसीद प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अन्य व्यक्ति यों एवं संस्थानों से सम्पर्क कर सकते हैं।



### मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कर करें मनोकामना पूर्ण

**घृत ज्योति कलश - रूपए 2100/-**

**तैल ज्योति कलश - रूपए 701/-**



माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर दुरपा कोरबा, अविनाश स्टेशनरी, दर्री रोड कोरबा, मो. 7697777770, अविनाश ट्रेडर्स, दरी रोड कोरबा, मो. 98271-89511, जय माँ दक्षिणेश्वरी डेली नीड्स, बजरंग टाकीज के सामने,कोरबा- 9754926033, पवन जनरल स्टोर्स, उरगा-कोरबा, महामाया बुक डिपो, बालको- 243034, शारदा प्रोविजन स्टोर्स, इंदिरा कॉम्पलेक्स, जमनीपाली, रतन जनरल स्टोर्स, विकास नगर कसमुण्डा-272130, शंकर लाल दुबे, छुरीकला - 7898597355, गोपाल जनरल स्टोर, घुड़देवा- 7771899437, गायत्री मेडिको, निहारिका -9424141437, सरस्वती बुक डिपो, जूनाडीह -275888, मित्तल ऑटोमोबाईल्स, सुराकछार - 9425226745, गणेश ऑटो पार्ट्स एण्ड गणेश पान मसाला, बालको- 9893349692, 7999876704, नरेश चौहान, मुड़ापार 9098156287, सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु तेल्य ज्योति कलश 701/- रू. एवं घृत ज्योति कलश 2100/- रू. जमा कर रसीद प्राप्त करें।



चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा रविवार, 30.03.2025 शैलपुत्री देवी पूजन, नवरात्रि प्रारंभ, घट स्थापना, दीप प्रज्जवलित, वेदी पूजन, महाश्रृंगार रात्रि, भोग - गाय का घी, फल- संतान प्राप्ति।



चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया सोमवार, 31.03.2025 ब्रम्हचारिणी देवी पूजन, भोग मिश्री, फल - मोक्ष प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया मंगलवार, 01.04.2025 चन्द्रघण्टा देवी पूजन भोग - गाय का दूध, खीर, फल - ऐश्वर्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी बुधवार, 02.04.2025 माँ कुष्माण्डा देवी पूजन भोग-मालपुआ, फल - शत्रुनाश एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी बुधवार, 02.04.2025
माँ स्कन्द माता पूजन, भोग-केला फल, फल - आरोग्य प्राप्ति एवं महाश्रृंगार -रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी गुरूवार, 03.04.2025
माँ कात्यायनी पूजन भोग-शहद, फल - शादी परिणय बंधन एवं महाश्रृंगार-रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष सप्तमी शुक्रवार, 04.04.2025
कालरात्रि पूजन भोग - गुड़, फल - विजय प्राप्ति एवं महाश्रृंगार- रात्रि



चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी शनिवार, 05.04.2025
महागौरी पूजन, भोग - सूजी का हलवा, फल - धन प्राप्ति तथा पूर्णाहुति, हवन - सहस्त्रधारा, कपिला तर्पण, ब्राम्हणभोज, कन्याभोज



रामनवमी रविवार,06.04.2025
सिद्धिदात्री पूजन, भोग-धान, तिल-लाई, फल-वाणी सिद्धि प्राप्ति तथा सम्पूर्ण नवरात्रि एवं जवारा कलश विसर्जन, शाम 05:00 बजे।

दिव्य आकाश

**नोट:** चैत्र नवरात्रि पर्व 30.03.2025, रविवार से प्रारंभ होगा। ज्योति कलश हेतु 2100/- रूपये जमा कर रसीद लेवें सर्वमनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलन हेतु तैल्य ज्योति कलश 701/- रूपये एवं घृत सर्वमनोकामना ज्योति कलश का हवन दिनांक 05.04.2025, शनिवार को होगा। जवारा कलश विसर्जन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण, सजीयादान दिनांक 06.04.2025, रविवार को होगा। माँ सर्वमंगला की मंगल आरती प्रतिदिन प्रातः काल एवं संध्या 7.00 बजे होगी । माँ का भोग प्रसाद प्रतिदिन दोपहर 12.00 बजे होगा। कृपया ज्योति कलश दर्शन कतारबद्ध होकर करें एवं रसीद साथ लावें। कृपया अपने सामानों की रक्षा स्वयं करें। माँ सर्वमंगला देवी का मंगल श्रृंगार प्रतिरात्रि 11.00 बजे होगी। प्रतिदिन भजन, कीर्तन एवं माता जसगीत अखंड रूप से चलता रहेगा। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व पर सुबह-शाम भंडारे का आयोजन रखा गया है। श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर के पास दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारीगण सादर आमंत्रित हैं। कृपया पुजारी / प्रबंधक से संपर्क करें। ज्योति कलश नवरात्रि पर्व का प्रसाद मंदिर परिसर कार्यालय से प्राप्त करें।

मंदिर परिसर में
प्लास्टिक थैले का उपयोग न करें।
परिसर को स्वच्छ रख कर सहयोग करें।

### असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय






# राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय (नन्हा)

## प्रबंधक एवं व्यवस्थापक

# श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर

## दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com